# वर्धमान महावीर खुला विश्वविद्यालय, कोटा
# एम .ए. हिन्दी उत्तरार्द्ध परीक्षा
# **एमएएचडी-**09 लोक साहित्य

**अवधि 3 घंटे** **अधिकतम अंक 80**

निर्देश : प्रश्न पत्र खण्ड अ, ब और स में विभाजित है। खण्ड 'अ' अतिलघूत्तरात्मक है, खण्ड 'ब' लघूत्तरात्मक एवं खण्ड 'स' में निबंधात्मक प्रश्न सम्मिलित हैं।

प्रश्न बैंक

**खंड - अ**

**निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए.अधिकतम शब्द सीमा ३० शब्द है.**

1. ऋग्वेद में 'लोक' के लिए कौन सा शब्द प्रयुक्त हुआ है ?
2. ऋग्वेद के किस सूक्त में 'लोक' शब्द का प्रयोग जीवन ओर स्थान दोनों अर्थों में हुआ है?
3. 'अथर्ववेद' में कितने लोकों की स्थिति व्यक्त की गयी है ? नाम लिखिए|
4. संस्कृत वांग्मय में किन प्रमुख आचार्यों ने 'लोक' शब्द का प्रयोग किया है?
5. महाभारतकार ने किस अर्थ में लोक का प्रयोग किया है ?
6. पुराणों में कितने लोकों का वर्णन है ?
7. लोक हमारे जीवन का महासमुद्र है - किसने कहा है ?
8. 'लोकवार्ता' शब्द का अंग्रेजी पर्याय क्या है ?
9. 'दि स्टैण्डर्ड डिक्शनरी ऑफ़ फोकलोर,माइथोलॉजी एण्ड लीजेंड' पुस्तक का सम्पादन किसने किया ?
10. कृष्ण देव उपाध्याय ने लोक साहित्य के कितने भेद माने हैं ? नाम लिखिए |
11. लोकसाहित्य पर लिखित कृष्णदेव उपाध्याय की किसी एक पुस्तक का नाम लिखिए |
12. अभिनव गुप्त के अनुसार लोक क्या है ?
13. श्याम परमार द्वारा लिखित लोक साहित्य सम्बन्धी पुस्तक का नाम बताएँ |
14. द्विवेदी युग के किस कवि ने ग्राम गीतों का संकलन किया ?
15. हमारे समय के किन्हीं दो लोकविज्ञों के नाम लिखिए |
16. 'हिंदी साहित्य के वृहद् इतिहास' के किस खंड में लोक साहित्य सम्बन्धी इतिहास है ?

17. ‘हिंदी साहित्य के वृहद् इतिहास’ के लोकसाहित्य वाले खंड का सम्पादन किसने किया ?
18. लोकमानस की अवधारणा किस यूरोपीय विद्वान ने दी ?
19. सोफिया बर्न की पुस्तक का नाम लिखिए |
20. ‘लोकसाहित्य विज्ञान’ किसकी पुस्तक है ?
21. लोक-पृथ्वी-मानव की त्रिलोकी में जीवन का कल्याणतम रूप है’- किसने कहा ?
22. किस रूसी लेखक ने जन संस्कृति की तुलना अनगढ़ पत्थर से की है ?
23. ‘संस्कृति का वास्तविक स्रोत जनता है’- किसने कहा ?
24. बसंत निरगुने की लोक सम्बन्धी पुस्तक का नाम क्या है ?
25. सम्मलेन पत्रिका का लोक संस्कृति सम्बन्धी अंक किस वर्ष प्रकाशित हुआ ?
26. हजारी प्रसाद द्विवेदी का लोक सम्बन्धी लेख किस पत्रिका में प्रकाशित हुआ ?
27. ‘लोक शब्द का अर्थ जनपद या ‘ग्राम्य’ नहीं है’- किसने कहा ?
28. ‘लोक वह है जिसके व्यावहारिक ज्ञान का आधार पोथियाँ नहीं हैं- किसने कहा ?
29. लोक संस्कृति शिष्ट संस्कृति की सहायक होती है’- किसने कहा ?
30. ‘पहेलियाँ बुद्धि पर शान चढाने वाला यन्त्र या स्मरण शक्ति द्वारा वस्तुज्ञान बढाने की कला होती है.’-यह कथन किसका है ?
31. ‘लोक ही राष्ट्र का अमर स्वरूप है’- किसने कहा?
32. लोक साहित्य और संस्कृति पर केंदित पत्रिका ‘मड़ई’ के सम्पादक कौन हैं?
33. लोक साहित्य के आधार पर अध्ययन करने वाले किसी एक इतिहासकार का नाम लिखें|
34. किस आधुनिक कवि ने लोक गीतों की तर्ज़ पर गीत लिखे हैं ?
35. किस कथाकार ने राजस्थानी लोककथाओं का आधुनिक रूपान्तर किया है ?
36. ‘शास्त्रीय संगीत का मूल आधार लोक संगीत है’- किसका कथन है ?
37. कश्मीरी लोक वाद्य ‘संतूर’ को किसने शास्त्रीय संगीत के वाद्य में रूपान्तरित किया?
38. गुजराती लोकनाट्य ‘भवई’ की शैली का इस्तेमाल किस हिंदी फिल्म में किया गया है ?
39. ‘लोक संस्कृति और इतिहास’ किसकी पुस्तक है ?
40. किस हिंदी नाटककार-रंगकर्मी ने आधुनिक मंच पर लोकसंस्कृति का प्रभावशाली उपयोग किया ?
41. राजस्थान की लोकगायक जातियों लांगा तथा मांगनियार को विश्वस्तरीय पहचान किस लोकविज्ञ ने दिलाई ?
42. अशोक वाजपेयी ने किस लोकविज्ञ को ‘लोककलाशास्त्री’ कहा ?
43. निमाड़ी लोकसाहित्य पर किस लोक अध्येता ने काम किया है ?
44. ‘लोकसाहित्य समग्र’ किसकी कृति है ?

45. 'ब्रज लोकसाहित्य का अध्ययन' किसकी कृति है ?
46. लोक कला मण्डल उदयपुर की स्थापना किसने की ?
47. 'मीरा मंगल' किसकी रचना है ?
48. 'देवनारायण रो भारत' का सम्पादन-प्रकाशन किसने किया ?
49. 'भोजपुरी लोक साहित्य का अध्ययन' किसकी पुस्तक है ?
50. कृष्णदेव उपाध्याय ने किस इलाके की लोक संस्कृति का विशेष अध्ययन किया ?
51. भारतीय लोकसाहित्य के अध्ययन की शुरुआत आधुनिक युग में किस संस्था की स्थापना से होती है?
52. राजस्थान में लोकवार्ता का अध्ययन किस इतिहासकार ने सबसे पहले किया ?
53. जेम्स टॉड की पुस्तक का क्या नाम था ?
54. पंजाबी लोकसाहित्य का अध्ययन सबसे पहले किसने किया ?
55. 'ओल्ड डैकन डेन' का संकलन किसने किया ?
56. सर रिचर्ड रैंपुल ने किस प्रदेश की जनजातियों के लोकसाहित्य को संकलित किया ?
57. 'फोक सांग्स ऑफ सदर्न इंडिया' पुस्तक किसने और कब प्रकाशित संपादित की ?
58. जी॰एच॰ दामन्त की पुस्तक का क्या नाम है ?
59. 'फोल्क टेल्स ऑफ बंगाल' पुस्तक किसने प्रकाशित की थी ?
60. 'लीजेण्ड्स ऑफ दी पंजाब' पुस्तक किसने लिखी ?
61. 'लोक क्षेत्र का ही आनुभाविक रूप है'- किसका कथन है ?
62. हलायुध कोश में लोक को किस अर्थ में ग्रहण किया गया है ?
63. वी॰ एस॰ आप्टे ने लोक को किस अर्थ में ग्रहण किया गया है ?
64. रामनारायण उपाध्याय की लोक संबंधी पुस्तक का नाम लिखिये।
65. विद्यानिवास मिश्र की लोक संबंधी पुस्तक का नाम लिखिये ।
66. हबीब तनवीर के नाटकों में किस शैली का प्रभाव है?
67. 'ट्रेडिशनल इंडियन थियेटर' किसकी पुस्तक है ?
68. ''रंग परम्परा' किसकी पुस्तक है ?
69. 'पारम्परिक रंगमच" किसकी पुस्तक है ?
70. 'हमारी लोक नाट्य परम्परा' किसकी पुस्तक है ?
71. 'कथानक अभिप्राय' का अंग्रेजी समानार्थी क्या है ?
72. 'कथानक अभिप्राय' का अध्ययन किस अमेरीकी विद्वान ने प्रारंभ किया ?
73. भारतीय लोककथाओं के कथानक अभिप्रायों का अध्ययन सर्वप्रथम किसने किया ?

74. सर्वेश्वर दयाल सक्सेना के 'बकरी' में किस शैली का प्रभाव है?
75. मुद्राराक्षस के 'आला अफसर' में किस शैली का प्रभाव है?
76. कुचामनी ख्याल कहाँ की लोकनाट्य शैली है?
77. भारतेंदु के लोक नाट्य शैली से प्रेरित नाटकों का नाम लिखिए
78. हबीब तनवीर के लोक नाट्य शैली से प्रेरित नाटकों का नाम लिखिए
79. गिरीश कर्नाड के लोक नाट्य शैली से प्रेरित नाटकों का नाम लिखिए
80. विजय तेंदुलकर के लोक नाट्य शैली से प्रेरित नाटकों का नाम लिखिए
**81.** 'लोकह वेद विदित सब काहू'- किस कवि की पंक्ति है?
82. 'लोकगीतों में उसके रचयिता के व्यक्तित्व का सर्वथा अभाव रहता है'- किसने कहा ?
83. 'आदिम मनुष्य - हृदय के गीतों का नाम लोक गीत है'- किसने कहा है?
84. 'लोकगीत जीवन के खेत से उगते हैं'- किसने कहा है?
85. गीता में 'लोक' शब्द का प्रयोग किस अर्थ में किया गया है ?
86. लोकगीत में जो पंक्ति बार-बार दुहराई जाती है , उसे क्या कहते हैं?
87. 'बारहमासा' किस श्रेणी का लोकगीत है?
88. 'लोरी'- बालगीत है या संस्कारगीत?
89. लोकगीतों का शास्त्रीय रीति से गायन करने वाले किसी एक आधुनीक शास्त्रीय गायक का नाम लिखिये।
90. 'पंडवानी' लोकगीत है या लोकनाट्य?
91. 'चौमासा' पत्रिका के संस्थापक संपादक कौन है ?
92. 'आल्हा' लोककथा है या लोकगाथा ?
93. 'बातां री फूलवाड़ी' का संकलन किसने किया ?
94. 'लूर' पत्रिका के संपादक कौन है ?
95. 'बातां री फूलवाड़ी' में किस भाषा की लोककथायें संकलित हैं ?
96. विजयदान देथा की 'दुविधा' लोककथा पर आधारित हिंदी फिल्मों के नाम लिखिए.
97. विजयदान देथा की 'फितरती चोर' लोककथा पर आधारित हिंदी फिल्म और हिंदी नाटक का नाम लिखिए.
98. ब्रेख्त के किस नाटक की कथा एक भारतीय कथा से मिलती है ?
99. लोककथा पर आधारित प्रेमचंद की किसी एक कहानी का नाम लिखिए.
100. रेणु की किस विख्यात कहानी में महुआ घटवारिन की लोक कथा का ज़िक्र मिलता है ?
101. 'लोककथा' के लिए अँग्रेजी समानार्थी शब्द क्या है?

102. लोकगाथा की उत्पत्ति के संबंध में जेकब ग्रिम के मत को क्या कहते हैं?
103. लोकगाथा की उत्पत्ति के संबंध में स्टेन्थल के मत को क्या कहते हैं?
104. लोकगाथा की उत्पत्ति के संबंध में श्लेगेल के मत को क्या कहते हैं?
105. लोकगाथा की उत्पत्ति के संबंध में विशपपर्सी के मत को क्या कहते हैं?
106. लोकगाथा की उत्पत्ति के संबंध में चाइल्ड के मत को क्या कहते हैं?
107. लोकगाथा की उत्पत्ति के संबंध में कृष्णदेव उपाध्याय के मत को क्या कहते हैं?
108. कृष्णदेव उपाध्याय ने भोजपुरी लोकगाथाओं को कितने वर्गों में बाँटा है ? नाम लिखिये।
109. किट्रिज ने गाथाओं को कितने वर्गों में बाँटा है ? नाम लिखिये।
110. प्रो॰ गूमर ने गाथाओं को कितने वर्गों में बाँटा है ? नाम लिखिये।
111. 'यक्षगान' प्रमुखतः किस प्रदेश की लोक नाट्य शैली है?
112. 'कुड़ीयाट्टम' प्रमुखतः किस प्रदेश की लोक नाट्य शैली है?
113. 'जात्रा' प्रमुखतः किस प्रदेश की लोक नाट्य शैली है?
114. 'तमासा' प्रमुखतः किस प्रदेश की लोक नाट्य शैली है?
115. 'भांड' प्रमुखतः किस प्रदेश की लोक नाट्य शैली है?
116. 'अंकियानाट' प्रमुखतः किस प्रदेश की लोक नाट्य शैली है?
117. 'नाचा. प्रमुखतः किस प्रदेश की लोक नाट्य शैली है?
118. 'नकल' 'प्रमुखतः किस प्रदेश की लोक नाट्य शैली है?
119. 'विदेशिया' प्रमुखतः किस प्रदेश की लोक नाट्य शैली है?
120. 'माच' प्रमुखतः किस प्रदेश की लोक नाट्य शैली है?
121. गवरी देवी कौन थीं ?
122. अल्लाह जिलाई बाई कौन थीं ?
123. रावणहत्था क्या है ?
124. दुकाली क्या है ?
125. मपंग क्या है ?
126. कमायचा क्या है ?
127. 'लंगा' किस काम के लिए विख्यात हैं ?
128. 'कामण' का क्या अर्थ है ?
129. 'अलगोजा' क्या है?
130. 'मोरचंग' क्या है?
131. राजस्थानी में 'वात' का क्या अर्थ है ?

132. ‘राजस्थानी वात साहित्य’ पुस्तक किसने सम्पादित की ?

133. ‘वातपोश’ या कथक्कड़ कौन है ?

134. राजस्थानी की पहली प्रकाशित वातें कौन सी हैं ?

135. राजस्थानी वातें प्रस्तुत करनेवाली परंपरागत जातियां कौन सी हैं ?

136. ‘हुँकारिया’ कौन है ?

137. राजस्थान की दो ऐतिहासिक वातों के नाम लिखिए |

138. राजस्थान की दो धार्मिक वातों के नाम लिखिए |

139. राजस्थान की दो प्रेमप्रधान वातों के नाम लिखिए |

140. ‘छोगे’ क्या है ?

141. ‘बगड़ावत’ किस प्रकार की लोकगाथा है ?

142. ‘जलाल बूबना’ किस प्रकार की लोकगाथा है ?

143. राजस्थानी लोकगाथा ‘ ढोला मारवणी’ के अनुसार ढोला की पत्नियों के क्या नाम हैं ?

144. राजस्थानी लोकगाथा ‘ ढोला मारवणी’ में कौन से देवी देवता चरित्र के रूप में उपस्थित होते हैं ?

145. ‘राजस्थानी लोकगाथा का अध्ययन’ पुस्तक के लेखक कौन हैं ?

146. डॉ. लक्ष्मी कुमारी चुण्डावत ने किस राजस्थानी लोकगाथा का सम्पदंकिया ?

147. पाबू जी गाथा किस प्रकार की है ?

148. ‘ ढोला मारवणी’ सुखांत है या दुखांत ?

149. लोकगाथाओं में किन दो विधाओं का मिश्रण होता है ?

150. लोकगाथाओं के गायकों को क्या कहते हैं ?

151. ‘देवनारायण जी की फड़’ क्या है?

152. पाबू जी की फड़’ क्या है ?

153. राजस्थान की प्रसिद्ध रामलीलाएँ कहाँ की हैं?

154. बंगाल की कठपुतलीकला किस नाम से जानी जाती है?

155. ‘बम्बोलोटन’ किस कला की शैली है?

156. ‘डोडिया ख्याल’ किस इलाके की शैली है?

157. ‘गवरी’ किस जनजाति का लोकनाट्य है?

158. विवाह पर स्त्रियों द्वारा प्रदर्शित किए जाने वाले स्वांग किस नाम से जाने जाते हैं?

159. शेखावटी ख्याल का प्रारम्भ किस कलाकार से माना जाता है?

160. ‘गोपीचंद भरथरी’ किस शैली का ख्याल है? इसके लेखक कौन है?

161. ‘गवरी’ किस जनजाति का नृत्य है?

162. 'घूमर' की पोशाक क्या है ?

163. 'गिंदड़' किस क्षेत्र का लोक नृत्य है ?

164. चरी नृत्य किस जाति का है?

165. संपेरा नृत्य किस जाति का है?

166. माँडणे का क्या अर्थ है?

167. तेरहताली नृत्य कहाँ का है?

168. तुर्रा कलंगी नृत्य कहाँ का है?

169. 'राजस्थान के लोक नृत्य' पुस्तक के लेखक कौन हैं ?

170. भवई, डॉडिया और गरबा राजस्थान के अतिरिक्त किस प्रदेशों के प्रमुख लोक नृत्य हैं ?

171. भोपा किस वर्ग के द्योतक हैं ?

172. गणगौर का क्या अर्थ है ?

173. 'राजस्थान के लोकदेवता' पुस्तक के लेखक कौन हैं ?

174. 'राजस्थान के लोकदेवता एवं लोक साहित्य' पुस्तक के लेखक कौन हैं ?

175. 'राजस्थानी लोकोत्सव' पुस्तक के लेखक कौन हैं ?

176. भैरव राक्षस का वध किस लोक देवता ने किया ?

177. रामदेव जी का मंदिर कहाँ हैं ?

178. पाबुजी की सर्वाधिक मान्यता किस जाति में है ?

179. तेजा जी किस जाति के कुल देवता हैं ?

180. देवनारायण जी मुसलमानों में किस नाम से मान्य हैं ?

181. रामनरेश त्रिपाठी ने पहेलियों के लिए किस लोकप्रचलित शब्द का प्रयोग किया है ?

182. पहेली को मराठी में क्या कहते हैं?

183. मालवा में पहेली को क्या कहते हैं?

184. 'छोटी सी चीमली, सह के साथे जीमली'-इस पहेली का जवाब लिखिए|

185. 'काच का घड़ा कचनार की कली, सरबत का प्याला मिसरी की डली'- इस पहेली का जवाब लिखिए|

186. 'धरा बिन तरू उग्यो एक, एक घड़ी में बंध्यो विसेक'- इस पहेली का जवाब दीजिए |

187. 'आयोड़ी ही खोटी गयोड़ी ही खोटी'- इस पहेली का जवाब दीजिए |

188. 'बिन पांखा जल में बसै उडै गगन में ऐम'- इस पहेली का जवाब दीजिए |

189. 'खदबद खदबद खदबदियौ लपम-लपा मुँह में धरियौ' - इस पहेली का जवाब दीजिए|

190. 'चार खूणा री बावड़ी पड़ी बजारा माय, हाथी घोड़ा डूबग्या पणिहारी रीती जाय'- इस पहेली का जवाब दीजिए |

**191.** कर्नल जेम्स टॉड ने राजस्थान का नाम क्या रखा था?

**192.** विजयदान देथा ने किस संस्था का निर्माण किया ?

193. 'राजस्थान की रम्म्तें' का सम्पादन किसने किया ?

**194.** 'माच' शब्द का क्या अर्थ है ?

195. भील जनजाति का लोकनाट्य कौन सा है?

196. प्रहलादीराम झालीराम पुरोहित से किस ख्याल का प्रारम्भ माना जाता है?

197. फड़' के दो प्रमुख रूप कौन से हैं ?

198. राजस्थानी नृत्य की प्रमुख शैलियाँ कौन सी हैं ?

**199.** राजस्थान के लोकदेवताओं के नाम लिखिए.

200. राजस्थान के प्रमुख लोकवाद्यों के नाम लिखिए |

201. 'सांग' क्या है ?

202. किन्हीं तीन प्रमुख सांगियों के नाम लिखिए |

203. पंडित मांगेराम कौन हैं?

204. छड़ी नृत्य का सम्बन्ध किस पीर से है ?

205. 'हरियाणा प्रदेश के लोकगीतों का सामाजिक पक्ष' किसकी पुस्तक है?

206. 'हरियाणा प्रदेश का लोक साहित्य' किसकी पुस्तक है?

207. 'हरियाणा के लोकगीत' पुस्तक के लेखक कौन हैं?

208. 'हरियाणवी लोकगीतों का सांस्कृतिक अध्ययन' किसकी पुस्तक है?

209. हरियाणवी लोककथाएँ प्रायः सुखान्त होती हैं या दुखान्त?

210. 'लोकगीत किसी संस्कृति के मुँह बोलते चित्र हैं'- किसका कथन है ?

211. राहुल सांकृत्यायन के अनुसार किस शब्द से 'मालवा' शब्द बना ?

212. किस पुराण में 'मालव' शब्द का उल्लेख है?

213. किस वैय्याकरण ने मालवा का उल्लेख किया है?

214. किस आधुनिक इतिहासकार ने अपनी पुस्तक 'इण्डिया आफ औरंगजेब' में मालवा का वर्णन किया है ?

215. 'छै पग ने कमर कबड़ी' पहेली का क्या अर्थ है?

216. 'एक नार दो के लई बैठी' पहेली का क्या अर्थ है?

217. दो प्रमुख मालवी लोकगाथाओं के नाम लिखिए |

218. ‘पंवाड़ा’ क्या है?
219. ‘अगरसी’ या ‘धनबऊ’ के गीत कब गाये जाते हैं?
220. ‘मालवी लोक साहित्य : एक अध्ययन’ पुस्तक के लेखक कौन हैं ?
221. ‘ब्रज’ शब्द का सर्वप्रथम उल्लेख कहाँ और किस अर्थ में मिलता है?
222. धीरेन्द्र वर्मा के अनुसार ‘ब्रज’ शब्द किस धातु से बना है तथा उसका क्या अर्थ है?
223. किस चीनी यात्री ने ब्रज का विवरण दिया है?
224. ब्रज की लोकगाथा में राँझा किस जाति का है?
225. ‘लांगुरिया’ क्या है?
226. ‘ब्रज लोक साहित्य’ पुस्तक के लेखक कौन हैं?
227. ‘पूरनमल’ क्या है?
228. ‘ब्रज लोक साहित्य का अध्ययन’ पुस्तक के लेखक कौन हैं?
229. ‘ब्रज की लोक संस्कृति’ पुस्तक के लेखक कौन हैं?
230. ‘ब्रज लोकसाहित्य और संस्कृति’ पुस्तक के लेखक कौन हैं?
231. 'खड़ी बोली' शब्द का प्रयोग सबसे पहले किसने और कब किया था ?
232. 'खड़ी बोली' का क्षेत्र प्रमुखत: किन राज्यों में स्थित है ?
233. 'ग्रामीण हिंदी' पुस्तक के लेखक कौन हैं ?
234. 'खड़ी बोली का आन्दोलन' पुस्तक के लेखक कौन हैं ?
235. 'पृथ्वी’ पुस्तक के लेखक कौन हैं ?
236. 'भारतीय लोकसाहित्य कोश' का संपादन किसने किया है ?
237. 'मेरठ और बिजनौर की खड़ी बोली, उर्दू तथा आधुनिक साहित्यिक हिंदी दोनों का ही मूलाधार हैं' -कथन किसका है ?
238. राहुल संकृत्यायन ने खड़ी बोली को क्या नाम दिया था ?
239. जार्ज ग्रियर्सन ने खड़ी बोली को क्या नाम दिया था ?
240. खड़ी बोली का मूल उद्गम किस अपभ्रंश से है ?
241. 'भोजपुरी लोकसंस्कृति' पुस्तक के लेखक कौन हैं ?
242. 'भोजपुरी भाषा और साहित्य' पुस्तक के लेखक कौन हैं ?
243. 'भोजपुरी ग्राम गीत' के संपादक कौन हैं ?
244. 'भोजपुरी लोकगाथा' पुस्तक के लेखक कौन हैं ?
245. 'विदेसिया' लोकनाटक के लेखक कौन हैं ?
246. 'बेटीबेचवा' लोकनाटक के लेखक कौन हैं ?
247. ‘गबरघिचोर' लोकनाटक के लेखक कौन हैं ?
248. 'विदेसिया' लोकनाट्य का पुनः संस्करण करने वाले एक लेखक और एक निर्देशक का नाम लिखिए|

249. 'रामनगर की रामलीला' कहाँ प्रस्तुत की जाती है |
250. भोजपुरी के दो समकालीन कवियों के नाम लिखिए |

**खंड अ के उत्तर**

1. जन
2. पुरुष सूक्त
3. दो, पार्थिव और दिव्य
4. पाणिनि, वररुचि, भरत, वेदव्यास
5. साधारण जनता
6. सात
7. वासुदेवशरण अग्रवाल
8. फोकलोर
9. मारिया लीच तथा जेरोम फ्रायड
10. गीत, गाथा, कथा, नाट्य, प्रकीर्ण साहित्य
11. लोक साहित्य की भूमिका
12. जनपद में रहने वाले जन ही लोक हैं
13. भारतीय लोक साहित्य
14. रामनरेश त्रिपाठी
15. कपिल तिवारी, बसंत निरगुने
16. सोलहवाँ भाग
17. राहुल सांकृत्यायन
18. फ्रेज़र
19. हैंडबुक ऑफ़ फोकलोर
20. डॉ सत्येन्द्र
21. वासुदेवशरण अग्रवाल
22. मैक्सिम गोर्की
23. कार्ल मार्क्स
24. लोक संस्कृति
25. सन १९७२ ई
26. जनपद
27. हजारीप्रसाद द्विवेदी
28. हजारीप्रसाद द्विवेदी
29. बलदेव उपाध्याय

30. रामनरेश त्रिपाठी
31. वासुदेवशरण अग्रवाल
32. कालीचरण यादव
33. बद्रीनारायण
34. नागार्जुन, केदारनाथ अग्रवाल, हरिवंश राय बच्चन, रमेश रंजक
35. विजयदान देथा
36. कुमार गन्धर्व
37. पण्डित शिवकुमार शर्मा
38. भवानी भवई
39. बद्रीनारायण
40. हबीब तनवीर
41. कोमल कोठारी
42. कोमल कोठारी
43. रामनारायण उपाध्याय
44. रामनारायण उपाध्याय
45. डॉ सत्येन्द्र
46. देवीलाल सागर
47. देवीलाल सागर
48. महेंद्र भानावत
49. कृष्णदेव उपाध्याय
50. भोजपुरी
51. एशियाटिक सोसायटी ऑफ बंगाल ,1784
52. कर्नल जेम्स टॉड
53. एनल्स एण्ड ऑफ एंटिक्विटीज ऑफ राजस्थान
54. जे॰ ऐनट
55. मिस फेयर
56. मध्यदेश
57. चार्ल्स ई॰ ग्रोवर ,1871
58. बंगाली फोकलोर फोम दीनाजपुर
59. लाल बिहारी डे

60. आर.सी. रेम्पुल
61. विद्यानिवास मिश्र
62. मनुष्य, प्रजा , जगत और भुवन
63. मानवजाति, प्रजा, समूह ,प्रांत , कक्ष, संसार
64. लोक साहित्य समग्र
65. लोक और लोक का स्वर
66. नाचा
67. कपिला वातस्यायन
68. नेमीचंद जैन
69. जगदीश चन्द्र माथुर
70. कृष्ण दास
71. MOTIF
72. ब्लूम फील्ड
73. टेम्पेल, स्टीन
74. नौटंकी
75. नौटंकी
76. राजस्थान
77. अंधेर नगरी, भारत दुर्दशा
78. चरणदास चोर, बहादुर कलारिन, देख रहे हैं नैन
79. हयवदन
80. घासीराम कोतवाल
81. तुलसीदास
82. डॉ॰ फ्रांसिस चाइल्ड
83. सूर्यकरण पारीक
84. देवेंद्र सत्यार्थी
85. साधारण जनता
86. स्थायी/ टेक
87. ऋतुगीत
88. बालगीत
89. कुमार गंधर्व

90. लोकनाट्य
91. कपिल तिवारी
92. लोककथा
93. विजयदान देथा
94. डॉ॰ जयपाल सिंह
95. राजस्थानी
96. दुविधा और पहेली
97. चरनदास चोर
98. कोकेशियन चाक सर्किल
99. राजा हरदौल
100. तीसरी कसम उर्फ़ मरे गए गुलफाम
101. बैलड
102. समुदायवाद
103. जातिवाद
104. व्यक्तिवाद
105. चारणवाद
106. व्यक्तित्वहीन व्यक्तिवाद
107. समन्वयवाद
108. 3 / वीरकथात्मक,प्रेमकथात्मक रोमांचकथात्मक
109. 2 / चारण, परंपरागत
110. 6 / प्राचीनतम ,कौटुम्बिक,अलौकिक, पौराणिक, सीमान्त, आरण्यक
111. कर्नाटक
112. केरल
113. बंगाल
114. महाराष्ट्र
115. कश्मीर
116. असम
117. छतीसगढ़
118. हरियाणा
119. बिहार / भोजपुर

120. मध्यप्रदेश/ मालवा
121. राजस्थानी मांड गायक
122. राजस्थानी मांड गायक
123. राजस्थानी लोक वाद्य
124. राजस्थानी लोक वाद्य
125. राजस्थानी लोक वाद्य
126. राजस्थानी लोक वाद्य
127. लोकगायकी
128. जादू
129. राजस्थानी लोक वाद्य
130. राजस्थानी लोक वाद्य
131. कथा
132. डा पूनम दईया
133. कथावाचक
134. रतन हमीर री बात, पन्ना वीर भरे की बात
135. रावल, मोतीसर भाट, राणगंगा ठाढी, नगारची
136. कथा सुनते हुए हुंकारी भरनेवाला
137. राव अमर सिंह री वात, लाखा फुलाणी री वात
138. गवर री वात, उमछठ री वात
139. ढोला मारू री गाथा, वात बाघा भारमल री
140. वे पद्यात्मक उक्तियाँ जो वातपोश प्रारम्भ में कहता है
141. शौर्यमूलक
142. प्रेमप्रधान
143. मारू और मालवणी
144. शिव - पार्वती
145. प्रो. के. के. शर्मा
146. देवनारायण बगडावत
147. शौर्यमूलक
148. सुखांत
149. **कथा एवं गीत**

150. **भोपा**
151. लोकनाट्य
152. लोकनाट्य
153. बिसाऊ,फुलेरू
154. छड़ी विधि
155. कठपुतली कला
156. हड़ौती
157. मील
158. ख्याल झामतड़े
159. प्रहलादीराम झालीराम पुरोहित
160. जयपुरी / बंशीधर भट्ट
161. भील
162. लूगड़ी , कांचली, घाघरा
163. शेखावटी
164. माली
165. कालबेलिया
166. चित्रांकन
167. डिडवाणा
168. चित्तौड़गढ़
169. महेंद्र भानावत
170. गुजरात
171. पुजारी
172. शिव-पार्वती
173. महेंद्र भानावत
174. पुष्पा भाटी
175. गीडाराम वर्मा
176. रामदेव जी
177. रुणीचा का रामसागर
178. राइका / रेबारी
179. जाट / धोल्या जाट

180. उदय दातार
181. बुझौव्वल
182. ऊखणा
183. भूल भुलैया
184. मक्खी
185. तरबूज
186. सूर्य
187. आँख
188. बिजली
189. खिचड़ी
190. दर्पण
191. रायथान
192. रूपायन
193. रमेश बोराणा
194. मंच या मचान
195. ‘गवरी’
196. शेखावती ख्याल
197. ‘देवनारायण जी की फड़’, पाबू जी की फड़’
198. ‘गवरी’,‘घूमर’,‘गिंदड़’,चरी,संपेरा,तेरहताली,तुर्रा कलंगी
199. रामदेव जी, पाबुजी, तेजा जी , देवनारायण जी
200. रावणहत्था , दुकाली, कमायचा, ‘अलगोजा’ ,‘मोरचंग’
201. हरियाणवी लोकनाट्य
202. दीपचंद, सरूपचंद, लक्ष्मीचंद
203. लोकनाट्यकार/ सांगी
204. गूगापीर
205. डॉ जगदीश नारायण
206. डॉ शंकरलाल यादव
207. डॉ देवीशंकर प्रभाकर
208. डॉ गुरुपाल सिंह सांगवान
209. सुखांत

210. देवेन्द्र सत्यार्थी
211. मल्ल
212. स्कन्दपुराण
213. पाणिनी
214. डॉ यदुनाथ सरकार
215. मकोड़ा
216. पजामा
217. हीड, तेज्या-धोल्या
218. शौर्यपरक लोकगाथा
219. गर्भधारण के सातवें माह में
220. डॉ श्याम परमार
221. ऋग्वेद संहिता /चरागाह एवं पशु समूह
222. ब्रज धातु /जाना
223. ह्वेनसांग
224. अहीर
225. ब्रज और बुन्देली लोकगीत
226. मधुर उप्रेती
227. ब्रज का कथा प्रधान लोकगीत
228. डॉ सतेन्द्र
229. डॉ गिरीश कुमार चतुर्वेदी
230. डॉ राजेश्वर प्रसाद चतुर्वेदी
231. लल्लूलाल जी, 1803 में
232. उत्तरप्रदेश, पंजाब, हरियाणा, दिल्ली
233. धीरेन्द्र वर्मा
234. शितिकंठ मिश्र
235. वासुदेवशरण अग्रवाल
236. डॉ सुरेश - वीणा गौतम
237. डॉ धीरेन्द्र वर्मा
238. कौरवी बोली
239. देशज हिन्दुस्तानी
240. शौरसेनी

241. डॉ. कृष्णदेव उपाध्याय
242. .डॉ. उदय नारायण तिवारी
243. डॉ. कृष्णदेव उपाध्याय
244. डॉ. सत्यव्रत सिन्हा
245. भिखारी ठाकुर
246. भिखारी ठाकुर
247. भिखारी ठाकुर
248. हृषिकेश सुलभ, संजय उपाध्याय
249. वाराणसी, राम नगर
250. हरीराम द्विवेदी, प्रकाश उदय

**खंड - ब**

**निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर अधिकतम २०० शब्दों में लिखिए.**

1. 'लोक' शब्द का अर्थ स्पष्ट कीजिए |
2. वासुदेवशरण अग्रवाल द्वारा दी गयी लोक की परिभाषा देते हुए उसकी व्याख्या कीजिए |
3. फ्रेजर द्वारा दिए गये लोकमानस के लक्षणों का विवेचन कीजिए |
4. मेक एडवर्ड लीच की 'लोकवार्ता' सम्बन्धी मान्यता की व्याख्या कीजिए |
5. सोफिया बर्न ने 'फोकलोर' के विषय को कितनी श्रेणियों में विभक्त किया है? परिचय दीजिए |
6. 'लोकसाहित्य' से क्या अभिप्राय है ? स्पष्ट कीजिए |
7. लोकसाहित्य के प्रमुख लक्षण बताइए |
8. लोकमानस क्या है ? स्पष्ट कीजिए |
9. लोकवार्ता की अवधारणा स्पष्ट कीजिए |
10. 'लोकवार्ता' और 'लोक साहित्य' के मध्य क्या सम्बन्ध है ?
11. आभिजात्य संस्कृति और लोक संस्कृति में क्या वैषम्य है ?
12. क्या लोक साहित्य अनिवार्यतः पारंपरिक साहित्य है ?स्पष्ट कीजिए |
13. हजारी प्रसाद द्विवेदी की लोक सम्बन्धी अवधारणा स्पष्ट कीजिए |
14. 'संस्कृति' की अवधारणा स्पष्ट कीजिए |
15. जार्ज एम. फ़ॉस्टर की लोक सम्बन्धी अवधारणा स्पष्ट कीजिए |
16. क्या लोक संस्कृति को क्षेत्रीय या स्थानीय संस्कृति माना जा सकता है ?
17. क्या लोक संस्कृति और लोकप्रिय संस्कृति एक ही हैं ?
18. डॉ कृष्णदेव उपाध्याय की लोकसंस्कृति सम्बन्धी परिभाषा देते हुए उसकी व्याख्या कीजिए|
19. लोक साहित्य का मनोविज्ञान से क्या सम्बन्ध होता है ?
20. आधुनिक साहित्य और लोक साहित्य में क्या सम्बन्ध है ?
21. 'लोक की गंगा युगों युगों से बह रही है'- स्पष्ट कीजिए |
22. 'लोकवार्ता सभी शास्त्रों का मूलाधार है'- व्याख्या कीजिए |
23. शास्त्रीय संगीत और लोक संगीत के सम्बन्धों पर एक टिप्पणी लिखिए |
24. भारतीय शास्त्रीय नाट्य और लोक नाट्य के बीच संबंधों पर एक टिप्पणी लिखिए |
25. कोमल कोठारी के लोक सम्बन्धी कार्यों की जानकारी दीजिए |
26. लोक साहित्य के अध्ययन में डॉ सत्येन्द्र के कार्यों का महत्त्व बताइए |
27. लोक साहित्य के अध्ययन में डॉ महेंद्र भानावत के कार्यों का महत्त्व बताइए |

28. लोक साहित्य के अध्ययन में रामनरेश त्रिपाठी के कार्यों का महत्त्व बताइए |
29. लोक साहित्य के अध्ययन में राहुल सांकृत्यायन के कार्यों का महत्त्व बताइए|
30. लोक साहित्य के अध्ययन में देवेन्द्र सत्यार्थी के कार्यों का महत्त्व बताइए |
31. ब्रज लोकसाहित्य के अध्ययन का इतिहास स्पष्ट कीजिये ।
32. कौरवी लोकसाहित्य के अध्ययन पर एक परिचयात्मक टिप्पणी लिखिये ।
33. मालवी लोकसाहित्य के अध्ययन पर एक परिचयात्मक टिप्पणी लिखिये ।
34. गुजराती लोकसाहित्य के अध्ययन पर एक परिचयात्मक टिप्पणी लिखिये ।
35. पंजाबी लोकसाहित्य के अध्ययन पर एक परिचयात्मक टिप्पणी लिखिये ।
**36.** बंगाली एवं असमिया लोकसाहित्य के अध्ययन पर एक परिचयात्मक टिप्पणी लिखिये
37. जीवन स्तर किस प्रकार लोकसंस्कृति के अध्ययन में बाधा पैदा करता है - स्पष्ट कीजिये।
38. अँग्रेजी शब्दकोश के अनुसार 'लोक' का क्या अर्थ है ?
39. लोकसाहित्य के संकलनकर्ता का प्रशिक्षण किस प्रकार किया जाना चाहिए ?
40. लोकसाहित्य के संकलनकर्ता में किस तरह के बुनियादी गुण होने चाहिए ?
41. भाषा लोकसाहित्य के संकलन में किस प्रकार बाधा पैदा करती है - स्पष्ट कीजिये ।
42. संकलनकर्ता का व्यवहार संकलन में किस प्रकार बाधा पैदा करता है - स्पष्ट कीजिये ।
43. कथानक अभिप्राय के संबंध में आचार्य हजारी प्रसाद द्विवेदी का मंतव्य स्पष्ट करते हुए उसके स्वरूप पर प्रकाश डालिये ।
44. कथानक अभिप्रायों की सीमितता पर श्यामाचरण दुबे के विचार स्पष्ट करते हुए बताइये कि क्या आप उससे सहमत हैं ?
45. 'अभिप्राय ही कहानी कि व्यापकता का द्योतक है'- स्पष्ट कीजिये।
46. राजस्थानी लोककथाओं में व्याप्त प्रमुख कथानक अभिप्राय बताइये ।
47. राजस्थानी लोककथाओं में व्याप्त प्रमुख कथानक रूढ़ियाँ क्या है ?
48. कथामानक क्या है ?
49. "गीत मानस की अन्तर्यात्रा है"- स्पष्ट करें ।
50. क्या लोकगीतों को ग्रामगीत कहना उचित है - तर्कसहित उत्तर दीजिये।
51. लोकगीतों की संरचना स्पष्ट कीजिये ।
52. "लोकगीतों का संबंध मानवीय श्रम से है"- इस कथन के आधार पर श्रमगीतों पर टिप्पणी लिखें ।
53. बालगीतों के महत्व पर एक संक्षिप्त टिप्पणी लिखिये ।
54. लोकगीतों और साहित्यिक(शिष्ट) गीतों के संबंध पर प्रकाश डालिये ।
55. लोककथाओं की उत्पत्ति कैसे हुई - स्पष्ट कीजिये।

56. प्रेमसंबंधी लोककथाओं की  विशिष्ट प्रकृति को समझाइये।
57. भारतीय लोककथाओं के प्रमुख कलाअभिप्रायों का परिचय दीजिये।
58. नागकथाओं से क्या अभिप्राय है?
59. 'परीकथा' से  क्या अभिप्राय है?
60. आधुनिक कथा साहित्य पर लोक कथाओं का कैसा प्रभाव पड़ा है?
61. लोकगाथा और लोकगीत के संबंध पर प्रकाश डालिये।
62. लोकगाथा और लोकनाट्य के संबंध पर प्रकाश डालिये।
63. लोकगाथाओं के प्रो॰ गूमर द्वारा किये गये वर्गीकरण को स्पष्ट कीजिये।
64. 'भोपा' कौन है ? समझाइये।
65. 'लोरिकायन' की संक्षिप्त कथा बताइये ।
66. भारतीय लोकगाथाओं के विविध गायकों के बारे में बताइये।
67. भरत के अनुसार 'ग्राम्य धर्म क्या है ? क्या लोक नाट्य ग्राम्य धर्म कहे जा सकते हैं ?
68. पारम्परिक नाट्य और लोकनाट्य में क्या भेद है ?
69. लीला नाट्य क्या है ?प्रमुख भेदों का परिचय दीजिये |
70. 'तमाशा' लोक नाट्य का परिचय दीजिये |
71. 'जात्रा' लोकनाट्य का परिचय दीजिये |
72. 'अंकियानाट' लोकनाट्य का परिचय दीजिये |
73. लोक साहित्य और शिष्ट साहित्य में प्रमुख अंतर बताइए |
74. 'लोकगीत मुख्यतः मौखिक होते हैं' - स्पष्ट कीजिये |
75. राजस्थानी विवाह गीतों का परिचय दीजिये |
76. लाँगा लोकगायकी पर एक टिप्पणी लिखिए |
77. मांगणयारलोकगायकी पर एक टिप्पणी लिखिए |
78. मिरासी पर एक टिप्पणी लिखिए |
79. राजस्थानी लोककथओं के प्रस्तुतिकरण की विशिष्टता पर एक नोट लिखिए |
80. राजस्थान की ऐतिहासिक लोककथाओं का संक्षिप्त परिचय दीजिये |
81. राजस्थान की प्रेम संबंधी लोकथाओं का संक्षिप्त परिचय दीजिये |
82. राजस्थान की लोककथाओं के प्रमुख कथानक अभिप्रायों एवं कथानक रुढियों का संक्षिप्त परिचय दीजिये |
83. राजस्थानी लोककथाओं की विशिष्टताएं बताइए |
84. राजस्थानी  लोककथाओं में उपस्थित जीवन- निर्देशक तत्वों का परिचय दीजिये |

85. पश्चिमी विद्वानों - एम्.जे. सी. होगार्ट और वेल्स ने लोकगाथा का विवेचन किस प्रकार किया है
86. लोककथाओं में इतिहास एवं कल्पना का समन्वय किस प्रकार होता है ? सोदाहरण स्पष्ट कीजिये |
87. राजस्थानी लोकगाथाओं के शिल्प वैशिष्ट्य पर प्रकाश डालिए|
88. राजस्थानी लोकगाथाओं की प्रासंगिकता पर एक संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए |
89. राजस्थानी लोकगाथाओं में युद्धों का सजीव वर्णन मिलता है - सोदाहरण स्पष्ट कीजिये |
90. 'राजस्थानी लोकगाथाओं में प्रेम की तीव्रता का वर्णन है'- स्पष्ट कीजिये |
91. कतपुतलियों के ख्याल से क्या आशय है?
92. 'प्रकीर्ण' और 'अग्निनृत्य' का परिचय दीजिये।
93. राजस्थानी लोकनाट्य में गाये जाने वाले प्रमुख छंदों का परिचय दीजिये।
94. राजस्थानी लोकनाट्य में बजाये जाने वाले प्रमुख लोकवाद्यों का परिचय दीजिये।
95. कुयामणी ख्याल और किशनग ख्याल का संक्षिप्त परिचय दीजिये।
96. 'माच के ख्याल' और 'नौटंकी ख्याल' का संक्षिप्त परिचय दीजिये।
97. मानव जीवन में नृत्य के महत्त्व पर एक टिप्पणी लिखिए|
98. शास्त्रीय नृत्य और लोक नृत्य मे अंतर बताइए |
99. लोक नृत्य की प्रमुख विशेषताएँ बताइए|
100. 'घूमर' क्या है ? इसकी प्रमुख विशेषताएं बताइए|
101. वस्त्र छपाई कला के राजस्थानी रूपों का परिचय दीजिए|
102. 'मेहंदी मांडणा' क्या है ? संक्षिप्त परिचय दीजिए|
103. हडबूजी कौन हैं ?संक्षिप्त परिचय दीजिए |
104. किरणीमाता कौन हैं ?संक्षिप्त परिचय दीजिए |
105. जीणमाता कौन हैं ?संक्षिप्त परिचय दीजिए |
106. शीतला माता कौन हैं ?संक्षिप्त परिचय दीजिए |
107. गोगाजी कौन हैं ?संक्षिप्त परिचय दीजिए |
108. राणी मटियानी और कैला देवी कौन हैं ?संक्षिप्त परिचय दीजिए |
109. लोक सुभाषित से क्या आशय है ? लोक में इनके महत्त्व का निदर्शन कीजिए |
110. 'लोकोक्तियाँ अनुभव की दुहिताएँ हैं'- सोदाहरण स्पष्ट कीजिए |
111. दूल्हे की बौद्धिक क्षमता जाँचने वाली पहेलियों की विशिष्टता क्या है ? किन्हीं तीन पहेलियों के उदहारण से समझाइए|
112. प्रकृति सम्बन्धी पहेलियों की विशिष्टता बताइए |

113. बच्चों की पहेलियों की विशिष्टताएँ सोदाहरण समझाइए |

114. 'लोकोक्तियों और लोक विश्वासों से लोकमनोविज्ञान का अध्ययन किया जा सकता है'- स्पष्ट कीजिए |

115. लोकसंस्कृति से क्या आशय है ? लोकसंस्कृति की विशेषताएँ बताइए |

116. 'लोकसंस्कृति अभिजन संस्कृति का मूलाधार होती है और इसके मानक रूपों से ही शास्त्रीय संस्कृति का उदय होता है|' - समझाइए|

117. राजस्थान के प्रमुख लोकमेलों का परिचय दीजिए|

118. राजस्थानी कहावतों का परिचय दीजिए|

119. राजस्थानी लोकगाथाओं के प्रमुख प्रमुख भेदों का परिचय दीजिये |

120. राजस्थान के प्रमुख लोकनाट्यों का संक्षिप्त परिचय देते हुए 'ख्यालों की परंपरा का परिचय दीजिये।

121. हरियाणवी लोकनाट्यों का संक्षिप्त परिचय देते हुए इसकी प्रमुख विशेषताएँ बताइए |

122. हरियाणवी लोकक्रीड़ाओं का संक्षिप्त परिचय देते हुए इसकी प्रमुख विशेषताएँ बताइए |

123. हरियाणवी लोकपर्वों,त्योहारों,मेलों का संक्षिप्त परिचय देते हुए इसकी प्रमुख विशेषताएँ बताइए |

124. हरियाणवी लोकविश्वासों का संक्षिप्त परिचय देते हुए इसकी प्रमुख विशेषताएँ बताइए |

125. हरियाणवी लोकसंगीत का संक्षिप्त परिचय देते हुए इसकी प्रमुख विशेषताएँ बताइए |

126. हरियाणवी लोकोक्तियों का संक्षिप्त परिचय देते हुए इसकी प्रमुख विशेषताएँ बताइए |

127. मालवी लोककथाओं की प्रमुख विशेषताएँ बताइए?

128. पवाड़ा क्या है? स्पष्ट कीजिये |

129. मालवी लोकोक्तियों का परिचय दीजिये|

130. मानव व्यवहार व लोक व्यवहार की प्रमुख मालवी कहावतें लिखिए|

131. कुछ प्रमुख मालवी पहेलियाँ उत्तर सहित लिखिए|

132. मालवी लोकनाट्य 'माच' की विशिष्टता क्या है ?

133. ब्रज के लोकनाट्यों का संक्षिप्त परिचय दीजिये|

134. ब्रज की पहेलियों का संक्षिप्त परिचय दीजिये|

135. ब्रज की लोकोक्तियों का संक्षिप्त परिचय दीजिये|

136. ब्रज के लोकोत्सवों का संक्षिप्त परिचय दीजिये|

137. ब्रज की लोक संस्कृति की प्रमुख विशेषताएं बताइए|

138. देवी गीत क्या है? ब्रज के लोकगीतों में देवी गीतों के महत्व पर एक टिप्पणी लिखिए|

139. 'अनुष्ठानिक गीत' से क्या अभिप्राय है ? खड़ी बोली के उदहारण से समझाइये |

140. खड़ी बोली के प्रकृति सम्बन्धी गीतों का परिचय दीजिये |
141. खड़ी बोली की लोकगाथाओं का संक्षिप्त परिचय दीजिये |
142. नौटंकी का संक्षिप्त परिचय दीजिये |
143. खड़ी बोली की लोकसंस्कृतियों में मौजूद धार्मिक सद्भाव पर एक टिप्पणी लिखिए |
144. आधुनिक युग में नौटंकी शैली में लिखे गए प्रमुख नाटकों का परिचय दीजिये.
145. भोजपुरी का नामकरण कैसे हुआ ? इसका भाषा क्षेत्र स्पष्ट कीजिये |
146. भोजपुरी लोकनाट्यों का संक्षिप्त परिचय देते हुए इसकी प्रमुख विशेषताएँ बताइए |
147. भोजपुरी लोकपर्वों,त्योहारों,मेलों का संक्षिप्त परिचय देते हुए इसकी प्रमुख विशेषताएँ बताइए|
148. भोजपुरी लोकगाथाओं का संक्षिप्त परिचय देते हुए इसकी प्रमुख विशेषताएँ बताइए |
149. भोजपुरी लोकसंगीत का संक्षिप्त परिचय देते हुए इसकी प्रमुख विशेषताएँ बताइए|
150. भोजपुरी भाषा के आधुनिक साहित्य का संक्षिप्त परिचय देते हुए इसकी प्रमुख विशेषताएँ बताइए |

## खंड - स

**निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर अधिकतम ५०० शब्दों में लिखिए.**

1. 'लोक' और 'लोकमानस' की अवधारणाएँ स्पष्ट कीजिए |
2. 'लोकवार्ता' की अवधारणा स्पष्ट करते हुए यह बताइए कि क्या इसे लोकसंस्कृति का पर्याय मानना उचित है ?
3. लोकसाहित्य क्या है ? लोक साहित्य के प्रमुख भेदों का परिचय दीजिए |
4. लोकसंस्कृति क्या है ? लोकसंस्कृति और लोकसाहित्य के अन्तःसम्बन्ध स्पष्ट कीजिए |
5. लोक साहित्य और अभिजात साहित्य का परिचय देते हुए दोनों के मध्य मौजूद साम्य और वैषम्य स्पष्ट कीजिए |
6. 'जनता की अन्तःवृत्तियों और बाह्य जीवन का ज्यादा वास्तविक निरूपण लोक साहित्य में होता है'- पक्ष अथवा विपक्ष में अपने तर्क दीजिए |
7. लोक व्यवहार की दिशाएँ स्पष्ट कीजिए |
8. लोकमानस की अवधारणा स्पष्ट करते हुए उसके प्रमुख लक्षणों का निरूपण कीजिए |
9. लोक संस्कृति की अवधारणा स्पष्ट करते हुए लोक संस्कृति के सामान्य लक्षण बताइए|
10. 'लोक संस्कृति ग्राम संस्कृति है'- इस कथन के आधार पर लोक संस्कृति के स्वरूप और परिक्षेत्र का निरूपण कीजिए |
11. लोक संस्कृति और आभिजात्य संस्कृति का स्वरूप स्पष्ट करते हुए दोनों के बीच मौजूद अंतर का विवरण दीजिए |
12. 'किसी राष्ट्र की जनता का वास्तविक चित्र लोक संस्कृति के अध्ययन से ही जाना जा सकता है'- व्याख्या कीजिए |
13. 'लोकजीवन महासमुद्र है, उसमें भूत, भविष्य और वर्तमान सभी कुछ संचित है|'- इस कथन के आधार पर बताइए कि लोक के संचित कोष सामाजिक अध्ययन में किस तरह मदद करते हैं?
14. लोक साहित्य का इतिहास और समाजशास्त्र से क्या सम्बन्ध है ?
15. लोकसाहित्य का धर्म और दर्शन से क्या सम्बन्ध है ?
16. 'लोक साहित्य में लोकजीवन की आत्मकथा अन्तर्निहित होती है'- इस कथन के आलोक में लोक साहित्य के संरक्षण की आवश्यकता स्पष्ट कीजिए |
17. लोक साहित्य के उन्नयन में देवीलाल सागर के कार्यों का क्या महत्त्व है ? स्पष्ट कीजिए|

18. लोक साहित्य के उन्नयन में कृष्णदेव उपाध्याय और वासुदेवशरण अग्रवाल के कार्यों का क्या महत्त्व है ? स्पष्ट कीजिए|
19. राजस्थानी लोकसाहित्य और लोकसंस्कृति के प्रमुख अध्येताओं का परिचय देते हुए उनके कार्यों के समवेत महत्त्व का प्रतिपादन कीजिए |
20. भोजपुरी लोकसाहित्य और लोकसंस्कृति के प्रमुख अध्येताओं का परिचय देते हुए उनके कार्यों के समवेत महत्त्व का प्रतिपादन कीजिए |
21. "लोकसाहित्य के प्रारम्भिक अध्ययन, संकलन एवं अनुवाद का श्रेय अंग्रेजी राज के अधिकारियों को है"- इस कथन की तथ्यों के आधार पर परीक्षा कीजिये ।
22. राजस्थानी लोकसाहित्य के अध्ययन का संक्षिप्त विवेचनात्मक इतिहास लिखिये ।
23. अवधी एवं भोजपुरी लोकसाहित्य के अध्ययन का संक्षिप्त इतिहास लिखिये ।
24. दक्षिणभारत के लोकसाहित्य के अध्ययन का संक्षिप्त इतिहास लिखिये ।
25. लोकसाहित्य के संकलन के क्रम में आने वाली प्रमुख कठिनाइयों का विवेचन कीजिये ।
26. लोकसाहित्य के संकलन में आने वाली बाधाओं का समाधान किस प्रकार किया जा सकता है ?
27. क्या पुस्तकालय बनाकर लोकसाहित्य का संरक्षण किया जा सकता है - स्पष्ट कीजिये ।
28. 'लोक हमारे जीवन का महासमुद्र है'- इस कथन के आलोक में लोकसाहित्य और संस्कृति के संरक्षण की आवश्यकता पर प्रकाश डालिये ।
29. "लोककथाओं में कथानक अभिप्राय ही गत्यात्मकता का संचार करते हैं"- इस कथन के आलोक में 'कथानक अभिप्राय' की महत्ता का निरुपण कीजिये ।
30. "लोककथाएँ कुछ 'कहती' ही नहीं 'करती' भी हैं"- इस कथन के आधार पर कथानक अभिप्रायों के कार्यों पर प्रकाश डालिये ।
31. 'कथानक रूढ़ियाँ क्या है'? भारतीय लोककथाओं के आधार पर समझाइये ।
32. 'कथामानक' के स्वरूप को स्पष्ट करते हुए कथानक अभिप्राय और कथानक रूढ़ियों से उसकी भिन्नता स्पष्ट कीजिये ।
33. "लोकगीत जीवन के खेत से उगते हैं"- इस कथन के आधार पर लोकजीवन और लोकगीतों के अंत:संबंध स्पष्ट कीजिये ।
34. लोकगीतों का वर्गीकरण करते हुए उसके प्रमुख प्रकारों पर प्रकाश डालिये।
35. ऋतुगीतों के वैशिष्ट्य पर सोदाहरण प्रकाश डालिये।
36. "लोकगीतों में भारतीय जनजीवन का प्रतिबिम्ब झलकता है?"- इस कथन की सोदाहरण व्याख्या कीजिये।

37. “लोक कथायें कहने और सुनने वाले के विशिष्ट जीवन जीवनबोध और सूत्रों से बँधी होती हैं। इनमें तर्क से परे जाने की और एक कल्पनालोक रचने की अभूतपूर्व क्षमता होती है”- इस कथन के आधार पर लोककथाओं की विशिष्टता को व्याख्यायित कीजिये ।
38. “लोककथाओं का जनमानस पर स्थायी प्रभाव पड़ता है”- सोदाहरण स्पष्ट कीजिये।
39. लोककथाओं का वर्गीकरण करते हुए इसके प्रमुख प्रकारों को सोदाहरण स्पष्ट कीजिये ।
40. भारतीय लोककथाओं की प्रमुख कलारूढ़ियों का परिचय दीजिये।
41. लोकगाथाओं की उत्पत्ति के संबंध में प्रमुख मतों का परिचय दीजिये ।
42. लोकगाथाओं की प्रमुख विशेषताएँ सोदाहरण स्पष्ट कीजिये ।
43. लोकगाथाओं का वर्गीकरण करते हुए प्रमुख भेदों पर प्रकाश डालिये।
44. ‘लोरिकायन’ लोकगाथा का प्रेमकथाओं में विशिष्ट स्थान है’- लोकगाथा के रूप में लोरिकायन की विशिष्टता विस्तार से समझाइये|
45. लोकनाट्य क्या है ? सोदाहरण समझाते हुए उसके स्वरूप का वर्णन कीजिये |
46. हिंदी क्षेत्र की प्रमुख लोकनाट्य शैलियों का परिचय दीजिये |
47. संगीत, नृत्य और विदूषक की उपस्थिति लोकनाट्य को विशिष्ट रूप देती है |’ सोदाहरण विवेचना कीजिये |
48. ‘आधुनिक भारतीय नाटक ने लोकनाट्य से गहरा रचनात्मक संवाद बनाये रखा है |’ सोदाहरण स्पष्ट कीजिये |
49. राजस्थानी लोकगीतों का परिचय देते हुए, उनका वर्गीकरण कीजिये |
50. राजस्थान के प्रमुख लोकवाद्यों का परिचय दीजिये |
51. राजस्थानी भाषा के शब्दकोश का प्रारंभिक परिचय देते हुए कुछ विशिष्ट शब्दों के अर्थ बताइए |
52. राजस्थान की पेशेवर गायक जातियों का प्रारंभिक परिचय दीजिये |
53. राजस्थानी लोककथाओं का स्वरूप स्पष्ट करते हुए, लोककथाओं के प्रमुख संकलनकर्ताओं का परिचय दीजिये |
54. राजस्थानी लोककथाओं के विविध प्रकारों एवं भेदों का परिचय दीजिये |
55. राजस्थान की लोककथाओं की प्रमुख विशेषताएँ बताइए |
56. राजस्थानी लोककथाओं में व्यक्त समाज व संस्कृति के स्वरूप पर प्रकाश डालिए |
57. लोकगाथा किसे कहते हैं ? प्रमुख पाश्चात्य एवं भारतीय विद्वानों ने इसके स्वरूप के वैशिष्ट्य के संबंध में क्या कहा है ?
58. राजस्थानी लोकगाथाओं के प्रमुख तत्वों का सोदाहरण परिचय दीजिये |
59. राजस्थानी लोकगाथाओं का वर्गीकरण करते हुए प्रमुख भेदों का सोदाहरण परिचय दीजिये |

60. राजस्थान की प्रमुख लोकगाथाओं का परिचय दीजिये |
61. 'रम्मत' लोकनाट्य शैली का विस्तृत परिचय दीजिये।
62. राजस्थान के प्रमुख लोकनाट्यों का संक्षिप्त परिचय देते हुए ' स्वांग' नाट्य का विस्तृत परिचय दीजिये।
63. ख्यालों की परंपरा का परिचय देते हुए उसके रूपों का वर्णन कीजिये।
64. राजस्थानी लोकनाट्यों के प्रस्तुति विधान और शिल्प सौंदर्य का विस्तृत परिचय दीजिये।
65. राजस्थानी लोक नृत्यों का परिचय देते हुए 'गवरी' लोक नृत्य की प्रमुख विशेषताएँ बताइए|
66. भवाई, गेर, डांडिय, सपेरा और कालबेलिया नृत्यों का संक्षिप्त परिचय दीजिए|
67. राजस्थानी लोक कला की सभी शैलियों और रूपों का संक्षिप्त परिचय दीजिए|
68. मांडणा क्या है ? इसके प्रमुख भेदों का परिचय दीजिए|
69. प्रमुख राजस्थानी लोकदेवताओं के नाम बताते हुए रामदेव जी का संक्षिप्त परिचय दीजिए|
70. पाबू जी, तेजा जी और देवनारायण जी का विस्तृत परिचय दीजिए|
71. लोक देवता के रूप में किसी ऐतिहासिक व्यक्ति की प्रतिष्ठा किन कारणों से होती है ? विवेचना कीजिए|
72. राजस्थान के प्रमुख लोकोत्सवों का परिचय दीजिए|
73. राजस्थानी पहेलियों का वर्गीकरण करते हुए प्रमुख पहेलियाँ उत्तर सहित बताइए |
74. राजस्थानी लोकोक्तियों का वर्गीकरण करते हुए प्रमुख लोकोक्तियों की सूची प्रस्तुत कीजिए|
75. लोकविश्वास से क्या आशय है ? कुछ प्रमुख राजस्थानी लोकविश्वासों की सूची प्रस्तुत कीजिए|
76. 'पहेलियाँ मनोरंजन का साधन भी हैं और ज्ञान का स्रोत भी'- व्याख्या कीजिए |
77. राजस्थानी लोकसंस्कृति की प्रमुख विशेषताएँ बताइए|
78. राजस्थानी लोककथाओं का स्वरूप स्पष्ट करते हुए, उनके विविध प्रकारों एवं भेदों का परिचय दीजिये |
79. राजस्थानी लोकगीतों का परिचय देते हुए, उनका वर्गीकरण कीजिये |
80. 'राजस्थान की पेशेवर गायक जातियों ने राजस्थानी लोकसंस्कृति की पहचान पूरी दुनिया में कराई है'- इस कथन के आलोक में उनके महत्व का परिचय दीजिये.
81. हरियाणवी लोकगीतों का परिचय देते हुए, उसके प्रमुख भेदों को सोदाहरण स्पष्ट कीजिए |
82. हरियाणवी लोककथाओं का परिचय देते हुए, उसके प्रमुख भेदों को सोदाहरण स्पष्ट कीजिए|
83. हरियाणवी लोकगाथाओं का परिचय देते हुए, उसके प्रमुख भेदों को सोदाहरण स्पष्ट कीजिए|
84. हरियाणवी लोकनृत्यों का परिचय देते हुए, उसके प्रमुख भेदों को सोदाहरण स्पष्ट कीजिए |
85. मालवी लोकगीतों का परिचय देते हुए, उसके प्रमुख भेदों को सोदाहरण स्पष्ट कीजिए |

86. मालवी लोककथाओं का परिचय देते हुए, उसके प्रमुख भेदों को सोदाहरण स्पष्ट कीजिए|
87. मालवी लोकगाथाओं का परिचय देते हुए, उसके प्रमुख भेदों को सोदाहरण स्पष्ट कीजिए|
88. मालवी लोकनाट्य 'माच' का परिचय देते हुए, उसकी विशिष्टता स्पष्ट कीजिए |
89. 'ब्रज का लोकसाहित्य में वहां के लोकजीवन की मर्मस्पर्शी अभिव्यक्तियाँ हैं|' सोदाहरण व्याख्या कीजिये|
90. ब्रज की लोककथाओं का वर्गीकरण करते हुए उनका परिचय दीजिये|
91. ब्रज के लोकगीतों का परिचय देते हुए संस्कार गीतों का विस्तृत विवरण दीजिये|
92. ब्रज की लोकगाथाओं का संक्षिप्त परिचय देते हुए उनकी प्रमुख विशेषतायें बताइए|
93. 'खड़ी बोली के लोकगीत मानव मन के सहज दर्पण हैं'- इस कथन के आधार पर खड़ी बोली के लोकगीतों का विस्तृत परिचय दीजिये |
94. खड़ी बोली की लोककथाओं का परिचय देते हुए, उसके प्रमुख भेदों को सोदाहरण स्पष्ट कीजिए|
95. खड़ी बोली की लोकसंस्कृति का परिचय देते हुएउसकी विशेषताएं स्पष्ट कीजिए|
96. 'खड़ी बोली के लोकनाटकों का परिचय देते हुए, उसके प्रमुख भेदों को सोदाहरण स्पष्ट कीजिए |
97. भोजपुरी लोकनाट्यों का परिचय देते हुए भिखारी ठाकुर के महत्व का निरूपण कीजिये |
98. भोजपुरी लोकगीतों का परिचय देते हुए, उसके प्रमुख भेदों को सोदाहरण स्पष्ट कीजिए |
99. भोजपुरी लोककथाओं का परिचय देते हुए, उसके प्रमुख भेदों को सोदाहरण स्पष्ट कीजिए|
100. 'भोजपुरी लोक संस्कृति का बाजारीकरण उसे विरूपित और विकृत कर रहा है''-सोदाहरण विवेचना कीजिए|